# फतेहगढ़ पुलिस

**दिनांक :- 06.09.2025**

## जनपद फतेहगढ़ में बारावफात के अवसर पर मानक से तेज आवाज में बज रहे डीजे जब्तीकरण कार्यवाही के सम्बन्ध में।

श्रीमान अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन, कानपुर श्री आलोक सिंह के निर्देशन, श्रीमान पुलिस उप महानिरीक्षक कानपुर रेंज, कानपुर श्री हरीश चन्दर के कुशल पर्यवेक्षण, पुलिस अधीक्षक फतेहगढ़ श्रीमती आरती सिंह के मार्गदर्शन, अपर पुलिस अधीक्षक डॉ0 संजय सिंह व समस्त क्षेत्राधिकारी के नेतृत्व में जनपद के समस्त थाना क्षेत्रों में बारावफात का त्यौहार सकुशल संपन्न कराया गया। इस दौरान जनपद पुलिस द्वारा शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने हेतु निरंतर निगरानी रखी गई।

कार्यक्रम के दौरान कुछ स्थानों पर उच्च ध्वनि स्तर पर डीजे बजाए जाने की शिकायतें प्राप्त हुईं, जो कि माननीय न्यायालय एवं शासन द्वारा निर्धारित ध्वनि प्रदूषण मानकों का उल्लंघन था। संबंधित पुलिस अधिकारियों द्वारा तत्काल कार्यवाही करते हुए जनपद के 03 थानों में दिनांक 05/06.09.2025 की रात्रि में तेज आवाज में बज रहे डी0जे0/वाहनों को स्थानीय पुलिस द्वारा सुसंगत धाराओं मे सीज कर पुलिस कब्जे मे लेकर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।



**जिनका विवरण निम्नवत है:-**

| क्रम सं0 | थाना/कोतवाली | सीज वाहन | जब्त सामान का विवरण |
|---|---|---|---|
| 1. | को0 फर्रुखाबाद | 03 वाहन | 30 स्पीकर,04 जनरेटर,03 मिक्सर, 10 मशीन,02 स्टेबलाइजर आदि |
| 2. | को0 फतेहगढ़ | 01 वाहन | 09 स्पीकर,02 जनरेटर,01 मिक्सर,10 मशीन, 03 स्टेबलाइजर आदि |
| 3. | मऊदरवाजा | 03 वाहन | 27 स्पीकर,04 जनरेटर,03 मिक्सर,11 मशीन 02 स्टेबलाइजर आदि |
| **कुल** | | **07 वाहन** | **66 स्पीकर,10 जनरेटर, 07 मिक्सर, 31 मशीन, 07 स्टेबलाइजर** |

जनपद पुलिस आमजन से अपील करती है कि धार्मिक आयोजनों के दौरान शांति, सौहार्द एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करें। किसी भी प्रकार की शिकायत या सूचना के लिए कृपया तत्काल पुलिस कंट्रोल रूम या नजदीकी थाना से संपर्क करें।

**जब्त करने वाली पुलिस टीमः-**

1- कोतवाली फर्रुखाबाद पुलिस टीम
2- कोतवाली फतेहगढ़ पुलिस टीम
3- थाना मऊदरवाजा पुलिस टीम

**मीडिया सेल फतेहगढ़**